

## एक नजर में

### पीपलरावा में दुर्गा वाहिनी का भव्य पथ संचलन




**पीपलरावा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड पीपलरावा के तत्वावधान में रविवार को दुर्गा वाहिनी का पथ संचलन एवं मातृशक्ति सिंदूर यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे सरस्वती शिशु मंदिर से हुआ, जहां से दो घोष वाहिनियों के साथ लगभग 600 बहिनें और मातृशक्ति अनुशासनबद्ध कदमताल करती हुई नगर के मुख्य मार्गों से गुजरीं। संचलन में तलवार वाहिनी, दंड वाहिनी सहित रानी लक्ष्मीबाई, लोकमाता अहिल्या बाई, जीजाबाई और भारत माता के प्रतिरूप धारण किए बालिकाओं ने आकर्षण का केंद्र बनीं। नगर में पहली बार निकले इस संचलन का विभिन्न समाजों, संगठनों और नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य मंच से संबोधित करते हुए दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका ज्योतिप्रिया शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया, लव जिहाद, बढ़ते एकल परिवार और पश्चिमी सभ्यता से सनातन संस्कृति को चुनौती मिल रही है। मातृशक्ति को सतर्क, साहसी और संगठित रहकर समाज में नेतृत्व की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति परिवार, समाज और धार्मिक गतिविधियों की धुरी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार धाकड़, विश्व हिंदू परिषद के विभाग सहसंयोजक नारायण शर्मा, जिला मंत्री संदीप चौबे, प्रखंड अध्यक्ष अशोक राठौर, और जिला संयोजिका बबीता कौशल मंचस्थ रहे। संचालन अर्पिता नेहरू और अनामिका धाकड़ ने किया। पूरे आयोजन के दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली और संचलन को संपन्न कराया। पीपलरावा में निकली दुर्गा वाहिनी की यह यात्रा मातृशक्ति के संगठन, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की मिसाल बन गई। आभार बजरंग दल जिला सुरक्षा प्रमुख राहुल कुशवाह ने माना।

### दूसरे दिन घर-घर जाकर पिलाई दवाई



**बागली।** शासन के आदेशानुसार बागली ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हेमंत पटेल के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में कुशल चिकित्सकों की उपस्थिति में पल्स पोलियो कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया विकासखंड बागली में इस अभियान के अंतर्गत बागली में 395 बूथ पर 34208बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी एवं पोलियो की खुराक खिलाने के लिए 790 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 44 सुपरवाइजर एवं 7 ट्रांजैक्ट टीम का गठन किया गया है इस अभियान में जीरो से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी दिनांक 12 अक्टूबर रविवार को बूथ पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसी प्रकार 13 अक्टूबर को भी कुछ स्थानों पर दवाई पिलाई गई 14 अक्टूबर को छूटे हुए बच्चों को टीम द्वाराघर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर दिनेश सोलंकी डॉक्टर पपीता सोलंकी बी ई ई आर एस चौहान बीसीएम यतेंद्र बैरागी सेक्टर सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल चित्रा कौशल संजय जोशी बालमुकुंद नागर अनिल धाकरे जगदीश चौहान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन अधिनियम 14(1) तथा 14(2) एवं स्वयं पोर्टल पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारीक, प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, मुख्य वक्ता डॉ. दीप्ति धवले, नीरज जैन, डॉ संजय गाडगे एवं डॉ लता धुपकरिया ने मंच साझा किया। सर्वप्रथम डॉक्टर लता धुपकरिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अधिनियम 14 (1) प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अधिनियम स्नातक कार्यक्रम से संबंधित है, जो वर्तमान सत्र 25-26 से लागू है। इस अधिनियम के तहत आप विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत क्रेडिट की बाध्यता समाप्त हो गई है अब विद्यार्थियों को अगले वर्ष में प्रोन्नत होने के लिए केवल 35 प्रतिशत क्रेडिट की ही आवश्यकता होगी, सिंगल मेजर डबल मेजर पाठ्यक्रम की संरचना ग्रेड सुधार का अवसर तृतीय वर्ष में समर इंटर्नशिप, चतुर्थ वर्ष ऑनर्स विथ रिसर्च मे शोध प्रबंध, लचीली प्रवेश और निकासी प्रणाली, परीक्षा मूल्यांकन और ग्रेडिंग, से अवगत कराया साथ ही इस ओर भी सबका ध्यान आकर्षित किया कि यह अधिनियम स्वाध्यायी विद्यार्थियों पर भी लागू होता है लेकिन उनका मूल्यांकन केवल बाह्य परीक्षाओं पर आधारित होगा। डॉ दीप्ति धवले ने व्याख्यान में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अधिनियम 14(2) स्नातकोत्तर कार्यक्रम से संबंधित है, जिसके अंतर्गत 2 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम एवं एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम शामिल है। जिसके अंतर्गत अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया गया है विषय की प्रकृति के आधार पर क्रेडिट वर्गीकरण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पाठ्यक्रम संरचना और मूल्यांकन पद्धति से सभी को अवगत कराया।, डॉ संजय गाडगे ने स्वयं पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए परीक्षा में शामिल होने की संपूर्ण प्रक्रिया को समझाते हुए बताया कि किस तरह विद्यार्थी आनलाईन माध्यम से क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं। मुख्य अतिथि मनीष पारीक ने महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम हेतु समस्त महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की। अध्यक्ष उद्बोधन में प्राचार्य ने बताया कि निश्चित ही इस कार्यशाला के माध्यम से समस्त प्राध्यापक लाभान्वित हुए होंगे तथा वे शिक्षा मित्र के माध्यम से हर विद्यार्थी तक अधिनियम 14 (1) तथा 14 (2) के व्यापक प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम मैं महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान की सक्रिय सहभागिता रही कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संजय गाडगे के द्वारा किया गया एवं आभार नीरज जैन ने माना।

## देवास विकास प्राधिकरण के पोल बने विज्ञापन का जरिया

**उज्जैन रोड पर सुपर फायर वर्क्स के फ्लेक्स लगाकर किया जा रहा निजी प्रचार**




**देवास।** उज्जैन रोड पर लगे देवास विकास प्राधिकरण और मिनी सुपर कॉरिडोर के नाम वाले पोलों पर इन दिनों निजी प्रचार के फ्लेक्स बैनर लटकते दिखाई दे रहे हैं। दीपावली के मौके पर सुपर फायर वर्क्स नामक पटाखा विक्रेता द्वारा इन पोलों पर बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाकर अपने उत्पादों का प्रचार किया जा रहा है। इन पोलों पर स्पष्ट रूप से देवास विकास प्राधिकरण और मिनी सुपर कॉरिडोर अंकित है, जो यह दर्शाता है कि ये पोल सरकारी संपत्ति हैं। इसके बावजूद इन पर निजी प्रचार सामग्री लगाना नियमों का उल्लंघन है। स्थानीय नागरिकों ने इस पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि सरकारी पोलों पर निजी प्रचार करना गलत है। इससे शहर की सुंदरता भी बिगड़ती है और सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग भी होता है। शहरी सौंदर्यीकरण के तहत देवास विकास प्राधिकरण ने यह पोल सड़क किनारे लगाए थे ताकि शहर की छवि बेहतर हो। परंतु अब उन पर निजी बैनर लगने से दृश्य बदसूरत हो गया है। कानूनी रूप से देखा जाए तो बिना अनुमति किसी भी सरकारी संपत्ति पर निजी प्रचार सामग्री लगाना नगर पालिका अधिनियम और शहरी सौंदर्यीकरण नियमों का उल्लंघन है। इस पर जुर्माने और कार्रवाई का प्रावधान है। फिलहाल देवास नगर निगम के अधिकारियों की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है। नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल इन फ्लेक्स को हटवाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करे।

## आयुक्त ने किया सफाई कार्य व्यवस्था का प्रात कालीन निरीक्षण

**देवास।** शहर की सफाई व्यवस्था मे कसावट लानें के उद्देश्य को लेकर आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा सोमवार 13 अक्टुबर को विभिन्न कालोनी क्षेत्रों के वार्डो का प्रात कालीन आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया गया। आयुक्त के द्वारा वार्ड 9, 10, 11, 26, 27, 28 मे निरीक्षण के दौरान घरों घर कचरा संग्रहण गाडीयों का भी वार्डो मे निरीक्षण कर गीले, सुखे कचरे के प्रथक्कीकरण को भी देखा गया साथ ही चालक एवं सहायकों को मौके पर सख्त निर्देश जारी किये गये कि वार्डो मे समयानुसार गाडीयों का संचालन किया जावे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के द्वारा वार्डों मे दरोगाओं को सख्त निर्देश जारी किये गये कि वे अपने अधिनस्थ सफाई मित्रों से सौंपे गये क्षेत्रों मे व्यापक रूप से सफाई कार्य करवाने हेतु नियंत्रण रखें तथा उनकी उपस्थिती भी समयानुसार दर्ज करें तथा अपने वार्ड क्षेत्रों मे किसी भी प्रकार का कचरा पाईंट निर्मित नहीं होंने दें। निरीक्षण के दौरान निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, प्रवीण खरे व वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

## किसके सिर पर सजेगा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का ताज

**कई दावेदार सक्रिय**

**भौरासा। टोंकखुर्द।** कांग्रेस पार्टी में संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अब ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होना है और इसके लिए पार्टी ने जिला कांग्रेस अध्यक्षों को फ्री-हैंड दिया है।जिलाध्यक्ष अब ब्लॉक अध्यक्ष बनाएंगे। प्रदेश कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए 40 दिन का वक्त दिया, अध्यक्ष के चयन में जिलाध्यक्ष को जातीय और स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए नाम चुनने होंगे। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर से जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी जिले के सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष पद के दावेदारों से आवेदन पत्र मांगे गए थे,इसके बाद टोंक खुर्द और चौबारा धीरा के कई दावेदारों ने ब्लॉक अध्यक्ष बनने के लिए आवेदन दिए थे।टोंकखुर्द ब्लॉक अध्यक्ष से श्याम भंडारी,नितेश धाकड़, ओम जैन पाडल्या ,कृपाल मकवाणा ,दामोदर पटेल,जगदीश पटेल, जसमत पेंटर,मोहन पटेल,विष्णु सुनानिया,जगपाल सिंह और चौबारा धीरा ब्लॉक से फूलसिंह गुर्जर,गणेश पाटीदार,विजय पाल सिंह ने आवेदन दिए हैं और ये सभी नेता अपने-अपने राजनीतिक आकाओ के समर्थन के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष बनना चाहते है।अब यदि जातीय समीकरण के आधार कर दोनों ब्लॉकों की बात करे तो टोंक खुर्द ब्लॉक खाती बहुल है और चौबारा धीरा गुर्जर बहुल है। टोंक खुर्द ब्लॉक में पूर्व में पार्टी ने राजपूत,धाकड़,खाती समाज के व्यक्ति को मौका दिया था लेकिन अभी तक पार्टी ने अहीर, सेंधव, बलाई,चमार , कुल्मी समाज के व्यक्ति को मौका नहीं दिया है और चौबारा में पार्टी ने पूर्व में ब्राह्मण समाज को मौका दिया था लेकिन गुर्जर, कुल्मी ,राजपूत,सेंधव समाज के व्यक्ति को मौका नहीं दिया हैं।

एक बात तो स्पष्ट है कि सज्जन वर्मा को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने है और अध्यक्ष भी वही व्यक्ति बनेगा जिसे सज्जन वर्मा चाहेंगे। देखना यह है कि ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति में प्रदेश संगठन के अनुसार जिलाध्यक्ष की चलेगी या फिर चुनावी समीकरण को देखते हुए सज्जन वर्मा की।

## भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**विद्यार्थियों को मानसिक स्वस्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया**



**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 13 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में विषय विशेष पर व्याख्यान, चर्चा एवं परामर्श सत्र रखा गया। प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस.राणा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुख्य वक्ता उमंग हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रजत राठौर रहे। ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ममता झाला, डॉ. रश्मि ठाकुर समिति सदस्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विद्या माहेश्वरी मंचासीन रही। भारतीय ज्ञान परम्परा अनुरूप प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा कार्यक्रम का आराम्भ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मंत्रोच्चारण से किया। मंचासीन प्राचार्य, सदन में उपस्थित सभी विज्ञ प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों का शब्द सुमन से स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉ. ममता झाला ने कहा कि आज की भाग-दौड भरी यंत्रबद्ध जिदंगी में व्यक्ति निराशा और तनाव से घिरा रहता हैं विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन उसका निदान प्रस्तुत करता है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारिक ने विद्यार्थियों को मानसीक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उदबोधन में डॉ. राणा ने कहा कि व्यक्ति के मन में निरंतर विचार चलते रहते हैं, यही विचार अर्न्तद्वंद उत्पन्न करते हैं जिनका उचित समाधान न पाने पर व्यक्ति कुंठित और अवसाद ग्रस्त हो जाता है। जिससे उबरने के लिए मानस पटल पर पूर्व में अंकित कुंठाओं को मिटाकर ही मानसिक स्वस्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता हैं। व्यक्ति को स्वथ्य रहने के लिए वर्तमान को अपनी पूर्णता के साथ जीना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. दीप्ति ढवले, डॉ. मधुकर ठोमरे, डॉ. भारती कियावत, डॉ. सीमा सोनी, डॉ. जरीना लोहावाला, डॉ. जया गुरनानी, डॉ. लता धुपकरिया, डॉ. मनोज मालवीय, राकेश कोटिया, डॉ. ममता लावरे, डॉ. ललिता गोरे, डॉ. रेखा कौशल, डॉ. भारती वास्केल, डॉ. सत्यम सोनी, डॉ. विवेक अवस्थी, नीरज जैन, निहारिका व्यास, खुशबू बेग, डॉ. श्यामसुंदर चौधरी, डॉ. सचिन दास, डॉ. सीमा परमार, डॉ. कैलाश यादव एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. लीना दुबे ने किया तथा आभार डॉ. माया ठाकुर ने माना।

**मानसिक स्वस्थ्य संबंधी अवधारणा को समझाया**

डॉ. रजत राठौर ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाने के कारण, उद्देश्य, वार्षिक थीम, अस्वास्थता के लक्षण पर प्रकाश डाला। मानसिक अस्वस्थ्यता से उबरने के लिए भारतीय परम्परा में मानसिक स्वस्थ्य संबंधी अवधारणा को हनुमान, जामवंत एवं श्री कृष्ण अर्जुन संवाद के माध्यम से समझाया। वर्तमान संदर्भ के मानसिक स्वस्थ्य पर चर्चा करते हुए कहा कि मन, शरीर, आत्मा को स्वथ्य रखने के लिए आत्म-साक्षतकार, योग ,प्रणायाम, ऊँकार मंत्रोच्चारण एवं स्थित प्रज्ञ की स्थिति की आवश्यकता हैं। आपने महाविद्यालय में स्थापित मनः कक्ष एवं परामर्श समिति की जानकारी विद्यार्थियों को दी।

## स्वर संचार समूह की यादगार प्रस्तुतियों का आयोजन




**देवास।** स्वर संचार समूह द्वारा रेखा ,अमिताभ एवं मनमोहन देसाई की फिल्मो के शानदार मस्ती भरी गीतों का शानदार सफल आयोजन 11 अक्टूबर को जाल सभागृह मे आयोजक और संयोजक दिनेश कुमार बावने ,सहसंयोजक रामकुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व मे किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि मदनलाल कहार पूर्व सदस्य मछुवा कल्याण बोर्ड, संगीत विशेषज्ञ डॉ .ओ .पी .गंगे, सुनील मालवीय थे। कार्यक्रम में डॉ .कीर्ति चतुर्वेदी ,माया तिवारी , योगेश विंझे ,भारती होलकर ,अजित श्रीवास्तव , सीमा शर्मा ,शैलजा शर्मा , राम कुमार शर्मा , दिनेश कुमार बावने ने अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ दी। संचालन राजेश गोधा ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी मदनलाल कहार को सनातन प्रहरी सम्मान एवं गायिकी और कला क्षेत्र में मालवा क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली हस्तियों कत्थक नृत्यांगना स्मृति आदित्य को नटराज , देवेंद्र पंडित को महेंद्र कपूर अवार्ड, इकबाल खान को रफी एवं बॉलीवुड सिंगर सुनील बावनिया को किशोर कुमार अवार्ड से सम्मानित किया गया। सभी गायक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओ का मनोरंजन किया।

## स्व . तुकोजीराव पवार शास . विज्ञान महाविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन

**देवास।** स्व . तुकोजीराव पवार शा. विज्ञान महाविद्यालय देवास में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार युवा उत्सव 2025-2026 का आयोजन 8, 9 अक्टुबर को प्राचार्य प्रमोद कुमार पलाश्या के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. ममता पथराडे द्वारा महाविद्यालय में की गई विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम एवं द्वितीय दिवस में विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें पोस्टर निर्माण, रंगोली प्रतियोगिता , प्रश्न मंच , वाद-विवाद प्रतियोगिता, एकल गायन , समूह गायन , लोक नृत्य, समूह नृत्य, मूक अभिनय, स्कीट, प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंच संचालन प्रो . नाजनीन पठान के द्वारा किया गया। सर्व प्रथम माँ सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं युवा उत्सव प्रभारी द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय स्तर पर सभी प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक परिणाम के आधार पर विद्यार्थीयो के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया गया जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता में विषय क्या भारतीय ज्ञान परम्परा आज की आधुनिक शिक्षा प्रणाली का विकल्प बन सकती है, पर पक्ष में प्रथम स्थान सचिना कलेशिया द्वितीय स्थान निधि लोधी , तृतीय स्थान कीर्ति चौधरी एवं विपक्ष में नंदिनी हाडा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अल्फैज खान , भरत मीना एवं राम चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मूक अभिनय मे विषय नई पीढी एवं पुरानी पीढी के बीच मे अंतर का संदेश विद्यार्थीयो द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें निधि लोधी, वैष्णवी शर्मा, अर्चिता गौड, दीपिका तॅवर, नंदिनी हाडा ग्ररुप के द्वारा प्रस्तुती दी गई। इसी प्रकार भारतीय संस्कृती एवं भारतीय ज्ञान परम्परा को सार्थक करते हुए लोक नृत्य एकल में वैष्णवी शर्मा ने प्रथम स्थान, नंदिनी गुर्जर ने द्वितीय स्थान एवं सोनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समुह नृत्य एकल में प्रथम स्थान भुमिका गुप्ता द्वितीय स्थान नदिनी हाडा, तृतीय स्थान नंदिनी गुर्जर तथा पोस्टर निर्णाण में प्रथम स्थान श्रृद्वा चिल्लोरिया ने प्राप्त किया। स्कीट में विषय सास-बहु की नोक झोक करवाचौथ स्पेशल में निधि लोधी, अर्चिता गौड, वैष्णीवी शर्मा ने प्रस्तुती दी। रंगोली प्रतियोगिता में निधि लोधी प्रथम स्थान कार्टुनिग में विकास डोडवे ने प्रथम स्थान तथा क्लेमॉडलिंग में सपना परिहार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में सचिना कलेशरिया ने प्रथम स्थान एवं दिपिका तॅवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कियातथा समुह गायन में सचिना कलेशरिया ने प्रथम मंजु बडोलिया ने द्वितीय स्थान एवं ज्योति रालोतिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये युवा उत्सव समिति में प्रभारी डॉ . ममता पथराडे एवं सह प्रभारी डॉ . ममता शाक्य, डॉ . प्रेमलता चौहान एवं प्रो . गिरिश शिव, डॉ . श्याम कापडे, प्रो . नाजनीन पठान रहें। अनुशासन समिति में अशोक पटेल, नितिन यादव, विजय कहार रहे। तकनीकी सहयोग जैद अहमद का रहा वं आभार डॉ . ममता शाक्य ने माना। महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।


